सभी ग्रामों में बनेंगी लाड़ली बहना सेनाएँ

चर्चा में क्यों?

21 मई, 2023 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने धार ज़िले के गंधवानी में आयोजित 'लाड़ली बहना महासम्मेलन' में कहा कि बहनों के कल्याण के लिये संचालित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और निगरानी के लिये सभी ग्रामों में लाड़ली बहना सेनाएँ बनेंगी।

प्रमुख बिंदु

- महासम्मेलन में मुख्यमंत्री ने 229 करोड़ 66 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और 187 करोड़ 76 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया।
- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और कार्यों पर निगरानी रखने के लिये लाड़ली बहना सेनाओं की भूमिका को सक्रिय बनाया जाएगा। बड़े ग्रामों में 21 सदस्य और छोटे ग्रामों में 11 सदस्य शामिल की जाएंगी।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, सहरिया और भारिया के लिये 1000 रुपए मासिक प्रदान करने की योजना प्रारंभ की गई थी। इस राशि से महिलाएँ घर में फल, दूध, सब्जी आदि खरीदने का कार्य कर सकती हैं।
- लाड़ली बहना योजना भी इसी विचार का विस्तार है। इसमें विशेष पिछड़ी जनजातियों के अलावा सभी बहनों के लिये प्रतिवर्ष 12 हज़ार रुपए प्रदान करने का निर्णय लिया गया। 10 जून से महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलने लगेगा।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि धार ज़िले में पीएम मित्र टेक्सटाईल पार्क प्रारंभ होने से क्षेत्र में महिलाओं को आसानी से रोज़गार उपलब्ध होंगे। टेक्सटाईल पार्क से दो लाख लोगों को रोज़गार मिलेगा।
- इस अवसर पर धार ज़िले के 13 विकासखंड की बहनों ने ज़िले की 90 हज़ार बहनों की ओर से मुख्यमंत्री श्री चौहान को पाती (चिट्ठियाँ) सौंपी जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना प्रारंभ करने के लिये धन्यवाद दिया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ladli-behna-forces-will-be-formed-in-all-the-villages